Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 ◘ अंक- 304 ◘ रायपुर, शनिवार 29 नवम्बर 2025 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

डीजी–आईजी कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन की बैठक शुरू प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह हुए शामिल

रायपुर, 29 नवंबर (हाईवे चैनल)। 60वां अखिल भारतीय डीजीपी-आईजीपी कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन की बैठक शुरू हो गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में बैठक जारी है. बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल समेत देशभर के पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी मौजूद हैं. आज चार सत्र होंगे, जिसमें हर राज्य के डीजीपी प्रेजेंटेशन देंगे. राष्ट्रीय सुरक्षा और उभरती चुनौतियों पर फोकस और पिछली सिफारिशों के क्रियान्वयन का समीक्षा किया जाएगा। इसके अलावा महिला सुरक्षा में तकनीक के बढ़ते उपयोग पर चर्चा होगी. जन-आंदोलनों के प्रबंधन और एक मजबूत तंत्र की आवश्यकता पर विचार, भारतीय भगोड़ों की वतन वापसी के रोडमैप पर मंथन, फॉरेंसिक के व्यापक उपयोग और सफल अनुसंधान पर जोर जैसे विषयों पर सत्र के दौरान चर्चा की जाएगी।

विकसित भारत, सुरक्षित भारत की थीम पर बैठक होगी. छत्तीसगढ़ डीजीपी अरुण देव गौतम बस्तर 2.0 की जानकारी देंगे. मार्च 2026 में नक्सलवाद खात्मे के बाद बस्तर में विकास की रणनीति पर चर्चा करेंगे. आतंकवाद-निरोध ८ रुझान और उपाय पर चर्चा होगी. साथ ही विजन 2047 पर आईबी के विशेष निर्देशक प्रस्तुति देंगे। पीएम मोदी सुबह 8:15 बजे आईआईएम पहुंचें. डीजीपी आईजी कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी का स्वागत कार्यक्रम हुआ. स्वागत कार्यक्रम के बाद रात 8 बजे तक लगातार बैठकें होंगी. 12 घंटे तक देश की सुरक्षा, आतंकवाद ,नक्सलवाद , साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी. रात 8:35 बजे पीएम मोदी स्पीकर हाउस के लिए रवाना होंगे. रात 8:45 बजे पीएम मोदी स्पीकर हाउस रू01 पहुचेंगे. जहां वह रात विश्राम करेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एम-1 और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एम-11 में ठहरेंगे. नए सर्किट हाउस में एनएसए अजीत डोभाल, डिप्टी एनएसए अनीश दयाल सिंह, आईबी चीफ तपन डेका, केंद्रीय गृह सचिव और दोनों केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के ठहरने की व्यवस्था की गई है. सर्किट हाउस में 6 सुइट और 22 कमरे बुक किए गए हैं. ठाकुर प्यारेलाल संस्थान में 140 कमरे और

12 घंटे तक चलेगा सत्र

निमोरा अकादमी में 91 कमरे बुक हैं. इस कार्यक्रम में 33 राज्यों से आने वाले डीजीपी, पैरामिलिट्री फोर्स के 20 डीजी/एडीजी समेत 75 पुलिस अधिकारी ठहरेंगे. डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य की जिम्मेदारी एडीजी दीपांशु काबरा, आईजी अमरेश मिश्रा को सौंपी गई है. वहीं राज्य पुलिस के साथ ही केंद्रीय फोर्स, इंटेलिजेंस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ कॉर्डिनेशन करेंगे. साथ ही पूरी व्यवस्था को संभालेंगे।

यह सम्मेलन देशभर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा के विविध मुद्दों पर खुले और सार्थक विचार-विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण संवादात्मक मंच प्रदान करता है. यह पुलिस बलों के सामने आने वाली परिचालन, अवसंरचनात्मक और कल्याण संबंधी चुनौतियों पर चर्चा के साथ-साथ अपराध से निपटने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आंतरिक सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए पेशेवर प्रथाओं के निर्माण और साझाकरण को भी सुगम बनाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वार्षिक सम्मेलन में निरंतर गहरी रुचि दिखाई है और स्पष्ट चर्चाओं को प्रोत्साहित किया है. उन्होंने एक ऐसा माहौल तैयार किया है, जहां पुलिस व्यवस्था पर नए विचार उभर सकें. व्यावसायिक सत्र, विस्तृत बातचीत और विषयगत चर्चाएं प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण आंतरिक सुरक्षा और नीतिगत मामलों पर सीधे प्रधानमंत्री के साथ अपने विचार साझा करने का अवसर प्रदान करती हैं। वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इस सम्मेलन के स्वरूप में निरंतर सुधार हुआ है, जिसमें देश भर के विभिन्न स्थानों पर इसका आयोजन भी शामिल है. यह सम्मेलन गुवाहाटी-असम, कच्छ के रण-गुजरात, हैदराबाद-तेलंगाना, टेकनपुर-ग्वालियर-मध्य प्रदेश, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (केवड़िया-गुजरात), पुणे-महाराष्ट्र, लखनऊ-उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, जयपुर-राजस्थान और भुवनेश्वर-ओडिशा में आयोजित किया जा चुका है।

प्रदेश में नक्सलवाद खात्मे की कगार पर, बचे 20 प्रतिशत : शर्मा

रायपुर, 29 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के झीरम घाटी में हुए बड़े नक्सल हमले के मास्टरमाइंड व नक्सली लीडर चैतू और अनंत ने शुक्रवार को आत्मसमर्पण कर दिया है. प्रदेश के डिप्टी सीएम व गृह मंत्री विजय शर्मा ने प्रशासन की इस बड़ी उपलब्धि समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर लाइव्रम डॉट कॉम से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने बताया कि बस्तर और समूचे देश से नक्सलवाद खत्म होने के कगार पर है.

डिप्टी सीएम शर्मा ने आगे कहा कि चैतू और अनंत ने अपने साथियों के साथ पुनर्वास किया है. बस्तर समेत पूरे देश में नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर है. इससे प्रदेश में शांति आनी चाहिए और शांति आ रही है. उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के संकल्प का जिक्र करते हुए कहा- गृहमंत्री बनने के साथ ही अमित शाह ने कहा था कि देश में कहीं समस्या है तो समानता के साथ उसे खत्म किया जाएगा. नक्सलवाद को भी इसी संकल्प के साथ खत्म किया जाएगा. साथ ही निर्धारित समय का जिक्र करते हुए कहा कि अब तक 80 प्रतिशत नक्सलवाद समाप्त हो चुका है और मात्र 20 प्रतिशत ही बचा है, जो निर्धारित समय में खत्म हो जाएगा. वहीं बस्तर 2.0 को लेकर उन्होंने कहा कि बस्तर में जल, जंगल, जमीन सब बस्तर के लोगों का है. बस्तर के युवा ही बस्तर को संभालेंगे और वे इसके लिए उत्साहित भी हैं. उन्होंने जीडीपी में बढ़ोतरी को लेकर कहा कि जीडीपी में बढ़ोतरी सुखद है, अमेरिका के टैरिफ के बावजूद जीडीपी में बढ़ोतरी हुई है. ये देश के लोगों के परिश्रम से संभव हुआ है.

इमरान खान की बहन की खुली चेतावनी: शहबाज-मुनीर अल्लाह की ताकत से बड़ा कोई नहीं, मेरे भाई को कुछ हुआ तो दहल जाएगा पाकिस्तान

नई दिल्ली, 29 नवम्बर (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर अफवाहों और चिंताओं का दौर लगातार बढ़ रहा है। इसी सिलसिले में उनकी हत्या की अफवाह ने पूरे देश में हलचल मचा दी थी। हालांकि सरकार ने सफाई दी कि इमरान खान सुरक्षित हैं, लेकिन चर्चाएं अभी भी थमी नहीं हैं। इसी बीच उनकी बहन नौरीन नियाजी ने शहबाज शरीफ सरकार और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर इमरान खान को किसी भी तरह का शारीरिक नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई, तो पाकिस्तान में भूचाल आ जाएगा। नौरीन नियाजी ने कहा कि इमरान खान फिलहाल ठीक हैं, लेकिन सरकार और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा अफवाहें फैलाकर उनके समर्थकों को डराया जा रहा है।

ब्रेकिंग न्यूज

ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर मौके पर हुई मौत, चालक गिरफ्तार

बिलासपुर/सूरजपुर, 29 नवम्बर (हाईवे चैनल)। जरही गांव के पास शुक्रवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक का नाम रामजनम विश्वकर्मा बताया जा रहा है. घटना भटगांव थाना क्षेत्र की है.] जानकारी के मुताबिक, घटना की स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. जिसके बाद लोगों ने ट्रक चालक को पुलिस के हवाले कर दिया. मृतक चरौदा गांव का रहने वाला है. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल पुलिस ट्रक चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

शिक्षिका का दिनदहाड़े अपहरण से मची सनसनी, इस हालत में मिली

दुर्ग, 29 नवंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के छावनी थाना क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। दोपहर में दर्ज हुई महिला शिक्षिका के अपहरण की वारदात ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया था। लेकिन अब राहत की बात ये है कि महिला टीचर सकुशल बरामद कर ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार, सेक्टर-8 के एक निजी स्कूल में पढ़ाने वाली राधा साहू नाम की शिक्षिका सेक्टर-1 स्थित घर से स्कूल के लिए निकली थीं। इसी दौरान रास्ते में आरोपियों ने उसका अपहरण कर लिया और परिवार से 5 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और महिला को सुरक्षित ढूंढ निकाला। एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल छावनी पुलिस और क्राइम ब्रांच पूरे मामले की विवेचना में जुटी हुई है।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, भूपेश बघेल कह रहे हैं कि कांग्रेस को अमित जोगी की जरूरत नहीं है।

चुहिया- हां जी, अभी तो कांग्रेस को खुद दवा की जरूरत है..!

एशियन पैरा गेम्स 2025 के लिए चयनित हुईं छत्तीसगढ़ की दिव्यांग बेटियां, स्पॉन्सर राशि जमा करने लगा रहीं मदद की गुहार

रायपुर, 29 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की दो होनहार दिव्यांग पैरा खिलाड़ी- परलीन कौर और हुलसी मरकाम 'यूथ पारा एशियन गेम्स 2025' के लिए चयनित हुई हैं. वर्षों की कड़ी मेहनत, संघर्ष और लगन का फल हासिल करने के बाद दोनों खिलाड़ियों ने राज्य का नाम रोशन किया है. परलीन दृष्टिबाधित हैं, जबकि कबर्धा की हुलसी मरकाम एक हाथ से वंचित हैं. राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी ये खिलाड़ी अब आर्थिक संकट से जूझ रही हैं.

एशियन पैरा गेम्स में भाग लेने के लिए आवश्यक स्पॉन्सरशिप राशि जुटाना दोनों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है. दोनों खिलाड़ियों ने कलेक्टर, विधायक और अलग-अलग जनप्रतिनिधियों से आर्थिक सहायता की अपील कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सहयोग

नहीं मिल पाया है. वहीं स्पॉन्सर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 1 दिसंबर 2025 तय है, जिससे चिंता और बढ़ गई है. अब उनकी आखिरी उम्मीद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से है. खिलाड़ियों ने कहा कि मुख्यमंत्री जी से विनती है कि हमारा साथ दें. हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य और देश का नाम गर्व से ऊंचा करेंगे. यदि दिव्यांग बेटियां आगे बढ़ेंगी, तो पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बनेंगी. हमने सिर्फ एक सपना देखा है कि हमें देश और छत्तीसगढ़ का नाम दुनिया में ऊंचा करना है. सरकार सहयोग करे तो हम अंतरराष्ट्रीय मंच से पदक जीतकर लौट सकते हैं. छत्तीसगढ़ की ये बेटियाँ न सिर्फ खेल में बल्कि जीवन के हर मोर्चे पर संघर्ष की मिसाल बन चुकी हैं. ऐसे में इनकी मदद करना केवल खेल का समर्थन नहीं, बल्कि प्रदेश की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य को नई दिशा देने जैसा है.

मक्का बाड़ी में डंप 611 कट्टा धान पुलिस ने किया जब्त

गरियाबंद, 29 नवम्बर (हाईवे चैनल)। सरकारी समर्थन मूल्य पर प्रदेश में हो रही धान खरीदी के बीच पड़ोसी राज्यों से अवैध रूप से धान खपाने का क्रम जारी है. इस कड़ी में अमलीपदर पुलिस ने 611 कट्टा धान के साथ ट्रक को जब्त किया है.

■ बेचने के लिए ओडिशा से किया गया था अवैध परिवहन

देर रात मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए अमलीपदर पुलिस ने कांडेकेल के मक्का बाड़ी में डंप धान और ट्रक को जब्त किया. ट्रक में 415 बोरी डंप के साथ बाड़ी में डंप 196 बोरी धान को जब्त किया गया है, जिसकी कीमत साढ़े सात लाख रुपए आंकी गई है. इसके पहले भी पुलिस ने धान से भरे आधा दर्जन वाहन जब्त कर चुकी है.

हाथी का आतंक : सो रहे पति-पत्नी को कुचलकर उतारा मौत के घाट

बिलासपुर/सूरजपुर, 29 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में शुक्रवार रात एक बार फिर गजराज का आतंक देखने को मिला है. भटगांव थाना क्षेत्र के कपसरा स्थित बिसाही पोड़ी गांव में हाथी ने दंपति को कुचलकर मार डाला. घटना करीब 2 बजे रात की है, जब पति-पत्नी एक साथ खलिहान में सो रहे थे. जानकारी के मुताबिक, मृतक कबिलास राजवाड़े अपनी पत्नी धनियारो के साथ खलिहान में धान की रखवाली कर रहा था. देर रात हाथी ने हमला कर दोनों को मौत के घाट उतार दिया. घटना के बाद लोगों से मिली सूचना के बाद वन विभाग

की टीम मौके पर पहुंची. हालांकि वन विभाग हाथियों के सही लोकेशन की जानकारी नहीं जुटा पा रहे हैं. बता दें कि 22 नवंबर को रामकोला वन परिक्षेत्र में दोपहर के वक्त चार लोग जंगल में बाइक से गए थे. वह जंगल में भटकी गाय और जड़ी-बूटी की तलाश में पहुंचे थे. लौटने के दौरान लगभग शाम 4 बजे उनका अचानक हाथियों से सामना. एक हाथी ने आक्रमक होकर पूर्व उपसरपंच मोहम्मद सैफुद्दीन को कुचलकर मार डाला. वहीं अन्य तीन लोगों ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई.

अर्धकुंभ 2027 : 14 जनवरी से होगा शुरू, 4 शाही स्नानों सहित 10 मुख्य स्नानों की तिथियां तय

नई दिल्ली, 29 नवम्बर (न्यूज चैनल)। उत्तराखंड में 2027 में होने वाले अर्धकुंभ की तिथियां तय हो गई हैं। हरिद्वार में होने वाला यह भव्य आयोजन 14 जनवरी से शुरू होगा और 20 अप्रैल को खत्म होगा। 97 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 4 शाही स्नान और 10 प्रमुख स्नान शामिल हैं।

शुक्रवार को यहां गंगा तट पर साधु-संतों के साथ 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने सभी 13 अखाड़ों के महंतों और संतों को सम्मानित भी किया। संतों ने मुख्यमंत्री के फैसले को संस्कृति के संरक्षण के लिए उठाया गया कदम बताते हुए उसकी सराहना की और मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया। हरिद्वार अर्ध कुंभ 2027 में जनवरी से अप्रैल तक 4 महीने तक चलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड को आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित किए जाने के आह्वान का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार 2027 हरिद्वार अर्धकुंभ के विशाल

97 दिनों तक चलेगा

धार्मिक आयोजन को पूर्ण कुंभ की तरह ऐतिहासिक बनाने की तैयारी में जुट गई है। उन्होंने कहा कि 2021 में आयोजित कुंभ कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण केवल अल्प अवधि के लिए ही आयोजित किया जा सका था और शाही स्नान भी प्रतीकात्मक रूप से ही सम्पन्न हुआ था लेकिन 2027 में होने वाला हरिद्वार अर्धकुंभ कई दृष्टियों से ऐतिहासिक और विशेष महत्व का होगा।

सड़क में जन्मदिन मनाया और चाकू से काटा केक, लड़के गिरफ्तार

दुर्ग, 29 नवंबर (हाईवे चैनल)। शहर में सोशल मीडिया पर चाकू से केक काटने और उसे लहराने का एक वीडियो वायरल हुआ है। इस मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस घटना में नाबालिगों की संलिप्तता भी सामने आई है। यह घटना 27 नवंबर की है। वायरल वीडियो में आरोपी अंकित कुर्रील, अशोक मालापुर, प्रेम चंद्राकर और दो बालक सड़क के बीच जन्मदिन मनाते दिख रहे थे। आरोपियों ने मोचीपारा, दुर्ग स्थित रविदास मंदिर के पास वर्मा इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान के सामने अपनी बाइक बीच सड़क पर खड़ी कर यातायात बाधित किया।

उन्होंने बाइक पर केक रखकर धारदार लोहे

के चाकू से काटा और फिर उसी चाकू को हवा में लहराते हुए वीडियो बनाया। मामला सामने आने के बाद सिटी कोतवाली दुर्ग पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया, जहां पूछताछ में सभी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। कार्रवाई के दौरान एक धारदार लोहे का चाकू भी बरामद किया गया है। इस घटना के संबंध में धारा 126(2), 191(2) बीएनएस और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए वयस्कों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है, जबकि दो विधि से संघर्षरत बालकों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव कब होंगे अब तक तय नहीं

बिलासपुर, 29 नवंबर (हाईवे चैनल)। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव इस माह नहीं हो सके. अधिवक्ता इसे जनवरी में कराने के लिए निर्वाचन कार्यक्रम घोषित करने की मांग कर रहे हैं. अब तक चुनाव का कोई शेड्यूल नहीं आया है. इससे पहले हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में हो रहे विवाद की स्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल की विशेष समिति द्वारा उपचुनाव पर स्थगन दे दिया गया था. आगामी चुनाव होने तक बार एसोसिएशन के कार्यों के संचालन और चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से करवाने हेतु तीन सीनियर अधिवक्ताओं को प्रशासक नियुक्त किया गया. उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के सुचारू संचालन हेतु जो तीन सदस्यीय प्रशासक समिति बनी है उनमें इससे शामिल वरिष्ठ अधिवक्ताओं में एचबी अग्रवाल, राजकुमार अवस्थी, राजेश कुमार केशरवानी के नाम हैं।

भरे जा रहे डिक्लेयरेशन फार्म-वर्ष 2025 के चुनाव की निर्धारित तिथि (28 नवंबर) निकल चुकी है, मगर अब तक चुनाव कार्यक्रम तय करने के लिए कोई पहल नहीं की गई है. हाईकोर्ट में वकालत करने वाले अधिवक्ताओं

का बड़ा समूह इस बात का इंतजार कर रहा है कि कोई इलेक्शन शेड्यूल जारी किया जाए, चुनाव से पहले हाईकोर्ट बार एसोसियेशन सदस्यों से एक घोषणापत्र (डिक्लेयरेशन) भराया जा रहा है, ताकि वास्तविक मतदाताओं का पता चल सके. मालूम हो कि, हाल ही में हुए स्टेट बार काउंसिल के चुनाव से पहले कई अधिवक्ता डिक्लेयरेशन नहीं भर सके और मतदाता सूची से बाहर होने के कारण मतदान से वंचित रहे. इस बार ऐसा न हो इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

चुनाव कार्यक्रम घोषित करें- हाईकोर्ट बार के आजीवन सदस्य संतोष के. पाण्डेय ने जनवरी, वर्ष 2026 के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ का चुनाव कराने निर्वाचन कार्यक्रम अनिवार्य रूप से घोषित करने का अनुरोध प्रशासक समिति से किया है. पाण्डेय ने अपने पत्र में संघ संविधान के नियम 24 उप नियम 2 के अनुपालन में 40 दिन पूर्व अर्थात गुरुवार 27 नवंबर, 2025 को ही संघ के निर्वाचन हेतु चुनाव अधिकारी नियुक्त करने की अपील की थी. अब तक इस बारे में प्रशासक समिति ने कुछ निश्चय नहीं किया है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के निर्वाचन हेतु प्रारंभिक मतदाता सूची जारी की गई थी, परंतु दावा आपत्ति प्राप्त होने के उपरांत निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुरूप अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन विधिवत रूप से नहीं किया जा सका।